# लॉस एंजिलेस काउंटी नागरिक जिला निर्धारण (CRC) आयोग

LOS ANGELES COUNTY

**REDISTRICTING**

2021



# LA काउंटी जिला निर्धारण दृष्टिकोण

## पिछला दृष्टिकोण

- लॉस एंजिलेस काउंटी पर्यवेक्षक मंडल (Board of Supervisors) ने सीमाओं में प्रस्तावित परिवर्तनों का अध्ययन करने के लिए केवल एक सलाहकारी जिला सीमा निर्धारण समिति (Boundary Redistricting Committee - BRC) नियुक्त की।

- पर्यवेक्षक मंडल जिले की अंतिम रूप से निर्धारित सीमाओं को अपनाने से पहले संशोधित कर सकता था।

## केलीफोर्निया SB 2016 के साथ <u>नया</u> दृष्टिकोण

- अगले 10 वर्षों के लिए 5 पर्यवेक्षी जिलों की सीमा निर्धारित करने के लिए नागरिक जिला निर्धारण आयोग (Citizens Redistricting Commission) का गठन

- बोर्ड के प्रभाव से **<u>मुक्त</u>**

- काउंटी की विविधता का उचित प्रतिनिधित्व



# हमारे आदर्श

**जवाबदेही:** हम लॉस एंजिलेस काउंटी के सभी संघटकों की सेवा करने के लिए इस प्रक्रिया के प्रति और एक दूसरे के प्रति जवाबदेह हैं।

**पारदर्शिता:** हम जिला निर्धारण प्रक्रिया के सभी पहलुओं में खुलेपन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**निष्पक्षता:** हम सावधानी से, सही इरादे से, निष्पक्ष सोच के साथ और बिना किसी भेद-भाव के काम करते हैं और समानता के आधार पर पर्यवेक्षी जिले की सीमाओं का निर्धारण करने में किसी भी अनुचित प्रभाव का सक्रिय रूप से प्रतिरोध करेंगे।

**सत्यनिष्ठा:** हम ईमानदार, सच्चे, नैतिक, सिद्धांतवादी, विनीत, और पेशेवर हैं।

**समावेशन और समानता:** हम व्यापक सार्वजनिक पहुँच, सहभागिता, और फीडबैक में उद्देश्यपरक, विचारपूर्ण, और प्रभावकारी रहते हुए अपनेपन की भावना उत्पन्न करने और बढ़ाने की और संभावित बाधाओं को दूर करने की इच्छा रखते हैं।



# जिला निर्धारण क्यों महत्वपूर्ण है

- स्थानीय स्तर पर निम्नलिखित कारणों से आवधिक रूप से पुन: जिला निर्धारण और सीमाओं का पुन: निर्धारण महत्वपूर्ण है:
  - जिले की जनसंख्या को पुन:संतुलित करना
  - यह सुनिश्चित करना कि पर्यवेक्षक मंडल काउंटी की विविध जनसंख्या पर उचित ढंग से विचार करे
  - ऐसे जिले तैयार करना जो जनसंख्या की दृष्टि से यथोचित रूप से समान हों
  - अपने पसंद के पर्यवेक्षक (सुपरवाइज़र) के लिए मतदान करना
  - आपको अपनी पसंद के पर्यवेक्षक के लिए मतदान करने में सक्षम बनाना







# जिला निर्धारण क्यों महत्वपूर्ण है

- पर्यवेक्षक मंडल निवासियों की प्राथमिकताओं और जरूरतों के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए:
  - जीवन में सुधार लाने के लिए सार्वजनिक नीतियाँ
  - आपके समुदाय में प्रदान की जाने वाली सेवाएँ और संसाधन
    - जन स्वास्थ्य और सार्वजनिक चिकित्सा केंद्र
    - सार्वजनिक सामाजिक सेवाएँ
    - शेरिफ
    - अनिगमित क्षेत्रों और संविदा शहरों को नगर संबंधी सेवाएँ प्रदान करना
    - ...और बहुत-सी अन्य सार्वजनिक सेवाएँ

| अमरीकी जनगणना के जनसंख्या अनुमान<br>1 जुलाई, 2019 (V2019) | 10,039,107 |
| --- | --- |




**सर्वाधिक जनसंख्या वाली अमरीकी काउंटी: केलीफोर्निया की 25% जनसंख्या के साथ 10 मिलियन लोग।**

**अमरीकी काउंटियों में जातीय आधार पर सर्वाधिक विविध काउंटी में से एक**

**88 शहर और 100+ अनिगमित क्षेत्र**

**लॉस एंजिलेस शहर 4 मिलियन निवासियों के साथ दूसरा सर्वाधिक जनसंख्या वाला शहर है।**


**LA काउंटी में आगे भी 5 पर्यवेक्षी जिले ही रहेंगे।** (किसी भी परिवर्तन के लिए मतदाताओं की मंजूरी की ज़रूरत होगी।)

## वर्तमान पर्यवेक्षक जिले

# सीमाएं कहाँ निर्धारित की जानी चाहिए?

अमरीकी संविधान, 52 U.S.C. § 10301, केलीफोर्निया चुनाव कोड § 21534

- **यथोचित रूप से समान जनसंख्या निर्धारित करें**
  - **प्रत्येक 10 वर्ष में प्रत्येक जिले को समान आकार का बनाने के लिए जिले की सीमाएं पुन: निर्धारित की जानी होंगी।**
  - **अमरीका की 2020 की जनगणना के आँकड़ों के आधार पर**





Shape your future START HERE >
United States Census 2020

अपने भविष्य को आकार दें
यहां शुरुआत करें >
United States Census 2020

# नस्ली एवं जातीय समूहों को उचित महत्व दें

**इस बात का उदाहरण कि कैसे जिला निर्धारण अल्पसंख्यकों के मतदान के अधिकार को छीन सकता है।**


सभी 4 जिलों में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या केवल ¼ है।



## यदि बहुमत प्राप्त किया जा सकता है, तो मतदान अधिकार अधिनियम के तहत यह अपेक्षित है।


# इस बात का उदाहरण कि कैसे जिला निर्धारण से समुदाय अपनी पसंद के प्रत्याशी चुन सकते हैं।

इस जिले में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या केवल ¾ है।



# सीमाएं कहाँ निर्धारित की जानी चाहिए?

- **इस जिले के सभी हिस्सों को जोड़ें (भौगोलिक समीपता)**
- **जिलों की सीमाएं निर्धारित करने में आस-पास की जनसंख्या का उल्लंघन न करें (सघनता)**
- **शहरों, पड़ोसी क्षेत्रों और हित वाले समुदायों की भौगोलिक अखंडता को बनाए रखें**





हित वाला समुदाय एक स्थान पर आस-पास रहने वाले लोगों का समूह होता है जिसके समान सामाजिक और आर्थिक हित होते हैं और जिसे अपने प्रभावकारी तथा उचित प्रतिनिधित्व के लिए एक ही जिले में होना चाहिए। हित के समुदायों में राजनैतिक दलों, पदधारियों, या राजनैतिक प्रत्याशियों के साथ संबंध शामिल हैं।



# सीमाएं कहाँ निर्धारित की जानी चाहिए?

- किसी पक्ष विशेष की तरफदारी करने से बचें – यह मायने रखता है कि आप कहाँ सीमाएं निर्धारित करते हैं



50 प्रीसिंगक्ट
60% नीले
40% लाल

5 जिले
5 नीले
0 लाल
नीले जीत गए

5 जिले
3 लाल
2 नीले
लाल जीत गए



# आप क्या कर सकते हैं

- **साइन अप करें और जिला निर्धारण में शामिल हों: https://redistricting.lacounty.gov**
- **सहभागिता को बढ़ावा दें**
- भौगोलिक रूप से एक स्थान पर मौजूद **हित के समुदायों के साथ मिलकर काम करें**
- प्रस्तावित जिला निर्धारण नक्शों को CRC के विचारार्थ प्रस्तुत करने के लिए निवासियों और अन्य संगठनों के साथ **सहयोग** करें
  - LA काउंटी इन गर्मियों में जनता को उपयोग करने के लिए मुफ़्त मैपिंग सॉफ़्टवेयर प्रदान कर रही है।

# हमारे कमिश्नर

सह-अध्यक्ष डेनियल मायेदा
सह-अध्यक्ष कैरोलिन विलियम्स

कमिश्नर जीन फ्रैंकलिन
कमिश्नर डेविड होल्ट्ज़मैन
कमिश्नर मैरी कैनी
कमिश्नर मार्क मेंडोज़ा
कमिश्नर अपोलोनियो मोरालेस
कमिश्नर नेल्सन ओब्रेगोन

कमिश्नर प्रिसिला ओर्पिनेला-सेगुरा
कमिश्नर हैलेस सोटो
कमिश्नर सायरा सोटो
कमिश्नर ब्रायन स्टेचर
कमिश्नर जॉन वेंटो
कमिश्नर डोरीना वोंग



साइन अप करें: https://redistricting.lacounty.gov

CRC की बैठकों और जन सुनवाइयों में वर्चुअल रूप से भाग लें:
https://us02web.zoom.us/j/82726060927

कॉल करके सुनें:
(669) 900-9128, दर्ज करें: 827 2606 0927#

YouTube पर CRC बैठकें और जन सुनवाइयाँ देखें:
https://www.youtube.com/LACountyRedistricting/

इनके माध्यम से लिखित टिप्पणियाँ भेजें:
https://publiccomment.redistricting.lacounty.gov/
डाक द्वारा: Los Angeles County CRC, P.O. Box 56447, Sherman Oaks, CA 91413



# LA काउंटी CRC स्टाफ

## कार्यकारी निदेशक (एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर)

गायला क्रेट्श्च हार्टसो (Gayla Kraetsch Hartsough), Ph.D.
(818) 907-0397
ghartsough@crc.lacounty.gov

## CRC स्टाफ

थाई वी. ले (Thai V. Le) (डॉक्टोरल प्रत्याशी, USC)
GIS, सार्वजनिक नीति, और तकनीकी सहयोग

कार्लोस डी एल्बा (Carlos De Alba)
विपणन, मीडिया, और पहुँच परामर्शदाता

## स्वतंत्र कानूनी वकील

होली ओ. व्हाट्ले (Holly O. Whatley), Esq., शेयरधारक
पामेला ग्राहम (Pamela Graham), Esq., वरिष्ठ वकील

Colantuono, Highsmith & Whatley, PC
790 E. Colorado Blvd., Suite 850
Pasadena, CA 91101-2109
(213) 542-5700 टेली
(213) 542-5710 फैक्स
hwhatley@chwlaw.us